| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज<br>**जयनारायण भाटी**<br>**बनाम**<br>**लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार, जोधपुर)**<br>सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353743231922308 | न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 18/12/25 | अपीलार्थी जयनारायण भाटी निवासी 365, गणेश मंदिर के सामने, सोजती गेट के अंदर, थालियों का बास, वार्ड नंबर–45 उत्तर, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 28.09.2025 तहसीलदार एवं पदेन कार्यकारी मजिस्टेट, जोधपुर राजस्थान के कार्यालय में पदस्थापित एवं/अथवा प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापित समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों/संविदाकर्मियों की दिनांक 01.04.2025 से 30.09.2025 तक की अवधि से सम्बन्धित सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।<br><br>अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।<br><br>हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नही हुई।<br><br>अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।<br><br>(गौरव अग्रवाल)<br>जिला कलक्टर, जोधपुर | |

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2025.12.18 19:34:59 IST
Reason: Approved